जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 29.01.2014

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2014/606)**

## बीकानेर–रतनगढ़–बीकानेर (प्रतिदिन) सवारी गाडी (वाया नापासर एवं श्रीडूंगरगढ़) नई रेल सेवा का संचालन

रेलवे प्रशासन द्वारा रेल बजट 2013–14 में घोषित बीकानेर–रतनगढ–बीकानेर सवारी गाडी (प्रतिदिन) रेल सेवा का संचालन **बीकानेर से दिनांक 03.02.2014** से प्रारम्भ किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 54705, बीकानेर–रतनगढ सवारी गाडी बीकानेर से **दिनांक 03.02.14 से प्रतिदिन 05.10** बजे रवाना होकर 08.00 बजे रतनगढ़ पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 54706, रतनगढ–बीकानेर सवारी गाडी रतनगढ़ से **दिनांक 03.02.14 से प्रतिदिन 19.10** बजे रवाना होकर 22.05 बजे बीकानेर पहुँचेगी।

यह गाडी दोनो दिशाओं में गाढ़वाला, नापासर, बेलासर हाल्ट, सूडसर, बेनीसर , श्रीडूंगरगढ़, बिग्गा, बिग्गा बास रामसरा हाल्ट, शीतल नगर हाल्ट, परसेनउ, राजलदेसर एवं पायली हाल्ट स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस गाडी में 10 साधारण द्वितीय श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 12 डिब्बें होंगे।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**